# रवीन्द्रनाथ टैगोर जयंती का भव्य आयोजन

**अजमेर( निसं )।** राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्य, संस्कृति, राष्ट्रवाद और मानवता के मूल्यों को केंद्र में रखते हुए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं विचार गोष्ठियों के माध्यम से गुरुदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने कहा कि गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ऐसे राष्ट्रवाद के पक्षधर थे जो मानवता, संस्कृति और आत्मसम्मान पर आधारित हो। उन्होंने कहा कि टैगोर का मानना था कि भारत को सशक्त बनाने के लिए प्रांत, भाषा और क्षेत्रीय सीमाओं से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकता स्थापित करना आवश्यक है।

# नीट 2026 परीक्षा निरस्त होने पर कांग्रेस का केंद्र सरकार पर हमला

**अजमेर, ( निसं )।** कांग्रेस ने नीट 2026 परीक्षा निरस्त होने के मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस नेताओं ने इसे देश की शिक्षा व्यवस्था पर गहरा आघात बताते हुए करोड़ों विद्यार्थियों और उनके परिवारों के साथ बड़ा अन्याय करार दिया है। पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन और कांग्रेस नेता अंकुर त्यागी ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि यह केवल एक परीक्षा का निरस्त होना नहीं, बल्कि केंद्र सरकार की विफल व्यवस्था और पेपर लीक मामलों पर नियंत्रण में नाकामी का परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार और पेपर लीक माफियाओं की सांठगांठ के कारण युवाओं का भविष्य लगातार संकट में पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देशभर में भर्ती और

- **मेहनत और लगन से तैयारी करने वाले लाखों युवाओं के सपने भ्रष्ट व्यवस्था की भेंट चढ़ रहे हैं, जबकि केंद्र सरकार केवल बयानबाजी तक सीमित है**

प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। मेहनत और लगन से तैयारी करने वाले लाखों युवाओं के सपने भ्रष्ट व्यवस्था की भेंट चढ़ रहे हैं, जबकि केंद्र सरकार केवल बयानबाजी तक सीमित है।

उन्होंने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में गड़बड़ी सामने आना इस बात का प्रमाण है कि सरकार शिक्षा व्यवस्था की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने में पूरी तरह विफल रही है। परीक्षा की तैयारी में जुटे लाखों छात्र-छात्राओं को मानसिक, आर्थिक और शैक्षिणक नुकसान उठाना पड़ा है। कांग्रेस ने पूरे मामले की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कराने की मांग की है। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के युवाओं के साथ मजबूती से खड़ी है और उनके भविष्य की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी।

**भाजपा सरकार और पेपर लीक माफिया की सांठगांठ उजागर-रलावता:** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता ने नीट-2026 परीक्षा रद्द होने को भाजपा सरकार की विफलता बताया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा रद्द होना मोदी सरकार की 'लीक व्यवस्था' और पेपर लीक माफियाओं के साथ भाजपा की सांठगांठ का प्रमाण है। रलावता ने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में लाखों युवाओं की मेहनत और भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।

**युवाओं के सपनों से हो रहा खिलवाड़:** उन्होंने कहा कि देश की बड़ी परीक्षाएं भी सुरक्षित नहीं रह गई हैं। लगातार पेपर लीक और भर्ती घोटालों से युवाओं का भरोसा टूट रहा है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर शिवकुमार बंसल, राजेंद्र नरचल, गजेंद्र सिंह रलावता, संपत कोठारी, डॉ. संजय पुरोहित, राजकुमार गर्ग, सतीश वर्मा और शक्ति सिंह रलावता सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नए धारावाहिक की सफलता के लिए मांगी दुआ

**अजमेर( निसं )।** प्रसिद्ध टीवी अभिनेता राजीव पॉल मंगलवार को विश्व प्रसिद्ध अजमेर शरीफ दरगाह पहुंचे, जहां उन्होंने सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में अकीदत के साथ हाजिरी देकर देश-दुनिया में अमन, खुशहाली और अपने नए धारावाहिक की सफलता के लिए दुआ मांगी। दरगाह पहुंचने पर अभिनेता राजीव पॉल का दरगाह से जुड़े लोगों और जायरीन ने स्वागत किया। उन्होंने दरगाह में मखमली चादर और फूल पेश कर ख्वाजा गरीब नवाज की बारगाह में सिर झुकाया। इस दौरान उन्होंने अपनी जिंदगी में कामयाबी, अच्छे स्वास्थ्य और नए टीवी धारावाहिक की सफलता की मन्नत मांगी। दरगाह में अभिनेता को खादिम सैयद अलाउद्दीन चिश्ती ने विधिवत जियारत कराई। जियारत के दौरान दरगाह की धार्मिक परंपराओं और इतिहास की जानकारी भी दी गई।

# पति-पत्नी ने मिलकर प्रेमी की गला घोंटकर हत्या की, दोनों गिरफ्तार

**मदनगंज-किशनगढ़, ( निस )।** गांधीनगर थाना अंतर्गत गांव गुदली में दस दिन पहले घटित प्रदीप गुर्जर हत्याकांड अवैध संबंध का कारण बनकर सामने आया है। पुलिस की गिरफ्त में आये आरोपियों में गांव गुदली निवासी जगदीश बावरी व इसकी पत्नी शामिल है। पूछताछ के बाद गुनाह कबूलते ही पुलिस ने दोनों पति-पत्नी को हत्या के जुर्म में गिफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया गांव गुदली निवासी जगदीश बावरी को काफी समय से अपनी पत्नी के चरित्र को लेकर शक था, लेकिन इसे इस बात की जानकारी नहीं थी कि संबंध किस व्यक्ति से हैं और कौन घर पर आता है, इस बात का पता लगाने के लिये वह चौकस होकर गुपचुप रूप से पहरेदारी करने लगा। विगत 3 जून को इसकी पत्नी घर पर अकेली थी, मौका मिलते ही गांव का प्रदीप बजाड़ घर में घुस गया। कुछ देर बाद रात्रि के समय जगदीश बावरी घर पहुंचा तो इन दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। प्रदीप के साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। दोनों ने इसे जकड़ कर गला दबाकर मार डाला। साक्ष्य मिटाने के लिये शव को इधर-उधर लेकर घूमते रहे, किंतु उचित स्थान के अभाव में तीन दिन पहले चेहरे पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर शव को गांव के पास कल्याणीपुरा के नाड़ा में पटक फरार हो गये। प्रदीप 3 जून से लापता था, कोई सुराग नहीं लग पाया। शव मिलते ही सैकड़ों गुर्जर बंधु राजकीय अस्पताल पहुंच गये। धरना देकर कातिलों को गिरफ्तार करने की मांग शुरू कर दी। तनावपूर्ण माहौल के बिच एस पी को आश्वस्त करना पड़ा कि पांच दिन के अंदर हत्याकांड का खुलासा कर दिया जायेगा। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# भीलवाड़ा पुलिस का ऑपरेशन प्रहार

**भीलवाड़ा, ( निसं )।** जिलेभर में चलाए गए तीन दिवसीय विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने खनन और अवैध परिवहन पर माफियाओं की कमर तोड़ दी है। इस अभियान में पुलिस ने न केवल वाहन और बजरी जब्त की, बल्कि अवैध रास्तों को भी जेसीबी से खुदवाकर बंद कर दिया है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थानों में कुल 26 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 42 ट्रैक्टर मय ट्रॉली, एक जेसीबी, एक लोडर और एक डंपर को अवैध बजरी के साथ जब्त किया है। परिवहन की जा रही 140 टन अवैध बजरी को भी कब्जे में लिया गया है।

थाना सदर क्षेत्र में विद्या कॉलेज के पास और ग्राम पोड्रास स्थित कोठारी नदी में रखे 700 टन अवैध बजरी स्टॉक को पुलिस और माइनिंग विभाग ने संयुक्त रूप से नष्ट (खुर्द-बुर्द) किया। जहाजपुर में यहां पुलिस ने 160 टन बजरी का स्टॉक जब्त कर मामला दर्ज किया। बागोर व कारोई में संयुक्त टीम ने अमरगढ़ पिथास में दबिश देकर 50 टन बजरी

- **खनन माफियाओं में हड़कंप, 3 दिन के अभियान में 26 मुकदमे दर्ज, 18 आरोपी गिरफ्तार और 910 टन अवैध बजरी का स्टॉक पकड़ा**

जब्त की। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीमों ने जिले भर में जाल बिछाया। सबसे अधिक 4 मामले माण्डलगढ थाने में दर्ज हुए, जबकि बनेड़ा में 3 मामले दर्ज किए गए। इसके अलावा हमीरगढ़, आसीन्द, मंगरोप, रायपुर, बिगोद और शम्भुगढ़ में 2-2 तथा सदर, बडलियास, हनुमाननगर, जहाजपुर, कोतवाली, फुलियाकला और बागोर थानों में 1-1 प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान अवैध खनन और परिवहन में लिप्त 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# रिहायशी इलाके में शराब ठेका खोलने के विरोध में भड़के लोग

**अजमेर( निसं )।** शहर के नसीराबाद रोड स्थित आदर्शनगर क्षेत्र में प्रस्तावित नए शराब ठेके के विरोध में मंगलवार को स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। क्षेत्रवासियों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर शराब ठेका खोलने के फैसले के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने सड़क पर उतरकर रास्ता जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भीषण गर्मी के बावजूद कई लोग सड़क पर बैठ गए और कुछ प्रदर्शनकारी सड़क पर लेटकर विरोध जताने लगे।

# भीलवाड़ा में डकैती और तस्करी के इनामी बदमाश गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, ( निसं )।** राज्य स्तरीय विशेष अभियान के तहत भीलवाड़ा की बिजौलियां थाना पुलिस ने डकैती, एनडीपीएस और वर्षों से फरार चल रहे तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो आरोपी ऐसे हैं, जिन पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

थानाधिकारी स्वागत पाण्ड्या के नेतृत्व में गठित टीम ने डकैती के मामलों में 16 साल से फरार चल रहे 5 हजार के इनामी अपराधी राजू कालबेलिया निवासी बडोली, चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया है। आरोपी वर्ष 2010 से डकैती के दो मामलों में वांछित था। एनडीपीएस एक्ट के मामले में 13 साल से फरार चल रहे इनामी बदमाश मुकेश उर्फ संतोष बंजारा निवासी मंदसौर, मप्र. को भी पुलिस ने दबोच लिया है। आरोपी 2013 में 194 किलो अवैध डोडा-पोस्त तस्करी के दौरान पुलिस को चकमा देकर ड्राइवर सीट से कूदकर फरार हो गया था। फरारी के दौरान वह गांव-गांव जाकर सामान बेचने का काम कर रहा था ताकि पुलिस की नजरों से बच सके। इस पर भी 5 हजार रुपये का इनाम घोषित था। तीसरी कार्रवाई स्थाई वारंटी राधेश्याम उर्फ राधिया कंजर की गिरफ्तारी के रूप में मिली। आरोपी पिछले 12 साल से जंगलों में रहकर फरारी काट रहा था। पुलिस से बचने के लिए उसने अपना पूरा हुलिया भी बदल लिया था, लेकिन मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने उसे चिताबड़ा क्षेत्र से धर दबोचा।

# प्रेम विवाह के बाद सुरक्षा की गुहार लेकर अजमेर पहुंचे प्रेमी युगल

**अजमेर, ( निसं )।** प्रेम विवाह करने के बाद एक प्रेमी जोड़ा सुरक्षा की मांग को लेकर अजमेर पहुंचा। न्यायालय परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए युवक और युवती ने आरोप लगाया कि विवाह के बाद युवती के परिजन दोनों की जान के दुश्मन बने हुए हैं और उन्हें लगातार धमकियां मिल रही है।

प्रेमी युगल रोहित ने बताया कि उन्होंने अपनी मर्जी से प्रेम विवाह किया है और दोनों बालिग हैं। युवक ने अपना नाम रोहित तथा युवती ने अपना नाम नीतू बताया। दोनों एक ही समाज से संबंध रखने वाले बताए जा रहे हैं। प्रेमी जोड़े का आरोप है कि युवती के परिजनों ने उन्हें नुकसान पहुंचाने की नीयत से न्यायालय परिसर के बाहर कुछ युवकों को तैनात कर रखा था। उनका कहना है कि उन्हें आशंका है कि बाहर निकलते ही उन पर हमला किया जा सकता है। इसी भय के चलते उन्होंने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की मांग की। मीडिया से बातचीत के दौरान प्रेमी जोड़े ने कहा कि वे अपनी जान-माल की सुरक्षा चाहते हैं और प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और प्रेमी युगल को सुरक्षा मुहैया कराई। इसके बाद दोनों को पुलिस सुरक्षा के बीच न्यायालय परिसर से बाहर निकाला गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# कांग्रेस ने निकाली जन जागरण रैली

**अजमेर, ( कासं )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे 'संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ' अभियान के तहत अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में जनजागरण रैली निकाली गई। रैली का आयोजन ए.पी.जे. अब्दुल कलाम मंडल की ओर से किया गया, जिसका नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विधानसभा प्रभारी हेतराम सिंघांठिया और कांग्रेस नेता डॉ. द्रोपदी कोली ने किया। रैली शाम 6 बजे दयानंद आश्रम केसरगंज से शुरू होकर चौक, आशागंज, हरिजन बस्ती, भगवान गंज और रामबाग चौराहा होते हुए गौतम नगर में संपन्न हुई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर निकाय और पंचायती राज चुनाव समय पर कराने की मांग उठाई। हेतराम सिंघांठिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार पंचायत और निकाय चुनाव टालकर लोकतांत्रिक परंपराओं को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन चुनाव कराने के लिए लगातार दबाव बना रहा है और कई लोग न्यायालय का भी दरवाजा खटखटा चुके हैं।

डॉ. द्रोपदी कोली ने कहा कि भाजपा सरकार ने सभी एजेंसियों का केंद्रीकरण कर दिया है और अब ये एजेंसियां केवल भाजपा हित में काम कर रही हैं। उन्होंने महंगाई और पेट्रोल-डीजल के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा।

**बड़ी संख्या में शामिल हुए कार्यकर्ता:** रैली में ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी धौलखेडिया, मंडल अध्यक्ष विनोद नकवाल, चंदन सिंह, हेमंत शर्मा, मुकेश पंवार, हरिप्रसाद जाटव, पवन ओड़, नितिन जैन, ललित गुर्जर, सुनील मोतियानी, हिमांशु गर्ग, अंकित घारू, धीरज गुर्जर, प्रीतपाल सिंह, राकेश चौहान, योगेश यादव, रामजी लाल जेदिया, गुरुबक्श सिंह लबाना, पुष्पा राजोरिया, विष्णु गोड़ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उदयपुर के एमबी हॉस्पिटल में परिजनों का हंगामा

**उदयपुर, ( कासं )।** उदयपुर के एमबी हॉस्पिटल में कार की टक्कर से व्यक्ति की मौत मामले में ग्रामीणों के साथ परिजनों ने जमकर हंगामा कर दिया। मंगलवार सुबह 10 बजे गुस्साए लोग मॉर्च्यूरी के बाहर धरने पर बैठ गए और शव लेने से इनकार कर दिया।

हालांकि दोपहर करीब 1.30 बजे गिर्वा एसडीएमअवुला साइकृष्ण धरना स्थल पहुंचे हैं। उन्होंने परिजनों से समझाइश का प्रयास किया और कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया ।प्रदर्शनकारियों ने हादसे के जिम्मेदार कार ड्राइवर की जल्द गिरफ्तारी की मांग करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। उनका आरोप है कि हादसे में तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस कार ड्राइवर को पकड़ नहीं पाई घटना सुखेर थाना क्षेत्र में सियालपुरा मेन रोड पर 10 मई को रात करीब 8 बजे की है।जब नंदलाल राव सियालपुरा मेन रोड से पैदल अपने गांव सियालपुरा में जा रहे थे। तभी सियालपुरा गांव की तरफ से एक काले रंग की स्कॉर्पियो कार तेज स्पीड में आई और लापरवाही पूर्वक नंदलाल को टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि नंदलाल उछलकर दूर जा गिरे। हादसे में उनका पेट और सिर पर गंभीर चोट लगी थी। वहीं कार चालक टक्कर मारकर तुरंत फरार हो गया था। परिजनों ने इसकी रिपोर्ट सुखेर थाना पुलिस में दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।


